पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को 30 वेन्टीलेटर दान किये

देश अपने स्तर से वैश्विक महामारी के बचाव एवं उपचार का कर रहा प्रयास

समाज में अच्छे कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्कता – राज्यपाल

लखनऊः 03 फरवरी ,2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज फ्लिपकार्ट एवं गिव इण्डिया संस्था द्वारा प्रदेश सरकार को दिये जाने वाले मेड इन इण्डिया वेन्टीलेटर हेतु राजभवन में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि फ्लिपकार्ट एवं गिव इण्डिया संस्था द्वारा अपने सी0एस0आर0 फण्ड का उपयोग करते हुये प्रदेश में चिकित्सा संस्थानों के उपयोगार्थ आज 30 मेक–इन–इंडिया वेन्टीलेटर उपलब्ध कराये हैं, इसके लिये मैं उनका आभार व्यक्त करती हूँ। उन्होंने कहा आज उपलब्ध कराये गये वेन्टीलेटर कीमती मानव जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

राज्यपाल ने कोविड–19 संक्रमण पर चर्चा करते हुये कहा कि वर्ष 2020 में भारत सहित पूरे विश्व के समक्ष महामारी कोविड–19 के संक्रमण से अत्यंत गंभीर परिस्थितियाँ उत्पन्न हो गयी थीं। इस वैश्विक महामारी से बचाव एवं उपचार के लिये हर देश अपने–अपने स्तर से प्रयास कर रहा है। इस दौरान वेन्टीलेटर की मांग पूरी दुनिया में एकाएक बढ़ गई थी। मानव जीवन को बचाने के लिये हमारे देश के चिकित्सालयों में भी वेन्टीलेटर्स अपेक्षा से कम उपलब्ध थे। आज उपलब्ध हो रहे वेन्टीलेटर से चिकित्सा कार्य में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना अवधि में हमारे चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, विद्वतजनों, शोधार्थियों, पुलिस कर्मियों, सफाई कर्मयोगियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, शासन–प्रशासन के लोगों ने अभूतपूर्व सेवाएं प्रदान की हैं।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एक बेहतर समाज के लिये सभी लोगों में समाज सेवा का बोध होना जरूरी है। मेरा आप सभी से आग्रह है कि वे समाज में इस प्रकार के अच्छे कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में प्रयत्नशील रहें और

अपनी स्थिति के अनुसार समाज सेवा के ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित करें, जो मानव जीवन के लिये हितकारी हैं। समाज के असहाय लोगों की मदद करना ईश्वरीय सेवा से कम नहीं है। लोगों की मदद करने से आत्म संतुष्टि की प्राप्ति होती है और गर्व का अनुभव होता है। हमें ऐसा माहौल बनाना चाहिए जहाँ प्रत्येक अशक्त व्यक्ति को उन्नति के अवसर मिले। इनकी हर सुख–सुविधा का ध्यान समाज के सभी लोगों को करनी चाहिए। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए 'सहयोगी भाव' परम आवश्यक है।

प्रदेश चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आज फ्लिपकार्ट एवं गिव इण्डिया द्वारा जो मेक–इन–इंडिया वेंटिलेटर उपलब्ध कराये गये हैं, उन वेंटीलेटरों को सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के 10 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों, गवर्नमेण्ट मेडिकल कालेज (प्रयागराज), जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज(कानपुर), सरोजनी नायडू मेडिकल कालेज(आगरा), बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज(गोरखपुर), एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज(मेरठ), एम0एल0बी0 मेडिकल कालेज(झॉसी), कैंसर सुपर स्पेशियलिटी इन्स्टीट्यूट(लखनऊ), गवर्नमेण्ट मेडिकल कालेज(अम्बेडकर नगर), गवर्नमेण्ट मेडिकल कालेज(बॉदा), गवर्नमेण्ट मेडिकल कालेज(कन्नौज) आदि को उपलब्ध कराया जायेगा ताकि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट एवं गिव इण्डिया संस्था का यह कार्य सराहनीय है।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, सचिव चिकित्सा शिक्षा गौरी शंकर प्रियदर्शी, फ्लिपकार्ट संस्था के उपाध्यक्ष धीरज कपूर (वर्चूअल), फ्लिपकार्ट संस्था के प्रदेश हेड हसन याकूब सहित चिकित्सा विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (136/02)

SKANRESPIRO plus
CRITICAL CARE VENTILATOR
Flipkart
give

राजभवन उत्तर प्रदेश

SKANRESPIRO plus
CRITICAL CARE VENTILATOR
Flipkart
give

राजभवन उत्तर प्रदेश